**Roll No. ..........................** **Total Pages : 05**

# MDE/M-20 **4684**

## CORPORATE ACCOUNTING

## MC-205

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**Note :** Attempt *Five* questions in all. Q. No. **1** is compulsory and consists of 6 parts having 4 marks each. The candidate will be required to attempt any *four* questions out of the remaining seven questions and each question carries 14 marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है जिसमें 6 भाग हैं तथा प्रत्येक भाग 4 अंक का है । शेष सात प्रश्नों से **चार** प्रश्न कीजिए । प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है ।

**Compulsory Question ( अनिवार्य प्रश्न )**

**1.** Write notes on the following : **6×4=24**

(i) Calls in arrear and Calls in advance

(ii) Equity share valuation

(iii) Segment Reporting

(iv) Revaluation of Assets

(v) Lease Accounting

(vi) Forms and content of Profit and Loss Accounting.

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) बकाया याचना तथा अग्रिम याचना

(ii) समता अंश मूल्यांकन

(iii) सेग्मेंट (खंड) रिपोर्टिंग

(iv) सम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन

(v) पट्टा लेखांकन

(vi) लाभ तथा हानि लेखा के स्वरूप तथा विषय-वस्तु ।

**2.** ABC Ltd. invited applications for 80,000 shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2.50 per share payable as follows :

On application Rs. 3, on allotment Rs. 4.50 (including premium), on first call Rs. 2 and on final call Rs. 3.

Applications were received for 1,70,000 shares, out of which applications for 10,000 shares were rejected and money refunded to them. The allotment were made pro-rata to the remaining applications. Money over-paid on application was used against allotment money due.

Anil to whom 2,000 shares were allotted failed to pay allotment money and on his subsequent failure to pay the first call, his shares were forfeited.

Sunil, the holder of 1,200 shares failed to pay the two calls and his shares were forfeited after the final call. Out

of the forfeited shares 2,400 shares were reissued at the rate of Rs. 8 per share fully paid, including the whole of Anil's forfeited shares.

Pass necessary journal entries and prepare Balance Sheet.

ABC लि. ने 2.50 रु. प्रति अंश देय प्रीमियम पर प्रत्येक 10 रु. वाले 80,000 अंश के लिए आवेदन आमंत्रित किये । भुगतान निम्न प्रकार होना था :

आवेदन पर 3 रु., आवंटन पर 4.50 रु. (प्रीमियम सहित), प्रथम याचना पर 2 रु. तथा अन्तिम याचना पर 3 रु. । 1,70,000 अंशों हेतु आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 10,000 अंशों के आवेदन निरस्त हो गये तथा उनकी राशि वापस कर दी गयी। शेष आवेदनों पर यथानुपात आवंटन किया गया । आवेदन पर अधिभुगतान का उपयोग बकाया राशि आवंटन के विरुद्ध किया गया था ।

अनिल जिसको 2,000 अंश आवंटित किये गये थे आवंटन राशि को लौटाने में असफल हो गया तथा परिणामस्वरूप प्रथम याचना पर असफल होने पर उसके अंश जब्त कर लिए गये।

सुनील, जो 1,200 अंशों का धारक था, दो याचनाएँ अदा करने में असफल रहा तथा अन्तिम याचना के बाद उसके अंश जब्त कर लिये गये । जब्त किये गये अंशों में से 2,400 अंशों (अनिल के सभी जब्त किये अंशों को शामिल करते हुए) को पूर्ण दत्त 8 रु. प्रति अंश की दर से पुन: निर्गमित किया गया।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ पारित कीजिए तथा आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए ।

**3.** Why there is need of valuation of shares ? What factors influence the valuation of shares ? Also discuss the various methods of valuation of shares.

अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता क्यों होती है ? अंश के मूल्यांकन को कौनसे कारक प्रभावित करते हैं ? अंशों के मूल्यांकन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए ।

**4.** How will you deal the following items in the final accounts of a Joint Stock Company :

(i) Debentures issued as a collateral security

(ii) Contingent Liabilities

(iii) Profits prior to incorporation

(iv) Forfeited Shares Accounts

(v) Miscellaneous Expenditure.

एक संयुक्त स्कन्ध कम्पनी के अन्तिम लेखों में निम्नलिखित मदों को आप कैसे दिखायेंगे ?

(i) संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्र

(ii) आकस्मिक दायित्व

(iii) निगमन से पहले लाभ

(iv) आहरित अंश खाते

(v) विविध व्यय ।

**5.** Define the term amalgamation, absorption and reconstruction. Also show the journal entries which are passed in the books of a company that goes into liquidation for the purpose of amalgamation.

समामेलन, अवशोषण और पुनर्निर्माण को परिभाषित कीजिए । समामेलन के उद्देश्य से परिसमापन में जाने वाली कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ भी दर्शाइए ।

6. Explain with suitable examples the treatment of the following items in the accounts of a holding company :
   (i) Issue of Bonus Shares by the subsidiary company
   (ii) Payment of dividend by the subsidiary company
   (iii) Common transactions between the holding company and the subsidiary company
   (iv) Minority Interest.

   उचित उदाहरण सहित एक धारण कम्पनी के खातों में निम्नलिखित मदों के व्यवहार का वर्णन कीजिए :
   (i) सहायक कम्पनी द्वारा बोनस अंशों का निर्गमन
   (ii) सहायक कम्पनी द्वारा लाभांश भुगतान
   (iii) धारण कम्पनी तथा सहायक कम्पनी के बीच आम लेन-देन
   (iv) अल्पसंख्यक कल्याण (हित) ।

7. What do you understand by Corporate Reporting ? Explain the corporate reporting requirements and current practices of corporate reporting in detail.

   निगम रिपोर्टिंग से आप क्या समझते हैं ? कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग की आवश्यकताओं तथा कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग के वर्तमान प्रयोगों का विस्तृत वर्णन कीजिए ।

8. Define the term Human Resource Accounting (HRA). Why there is need of HRA ? Also discuss different methods of HRA.

   मानव संसाधन लेखांकन (HRA) को परिभाषित कीजिए । HRA की जरूरत क्यों होती है ? HRA की विभिन्न विधियों का भी वर्णन कीजिए ।